**भारत सरकार**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**
**पशुपालन और डेयरी विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-2805**
**दिनांक 10 मार्च, 2026 के लिए प्रश्न**

**डेयरी प्रसंस्करण और अवसंरचना विकास कोष**

**2805. श्रीमती स्मिता उदय वाघः**
**श्री जुगल किशोरः**
**श्री विनोद लखमशी चावड़ाः**
**श्री पी. पी. चौधरीः**
**श्री पी. सी. मोहनः**
**श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाहः**
**श्री मनीष जायसवालः**
**श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैयाः**
**डॉ. कल्याण वैजीनाथराव कालेः**
**श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ः**
**श्री चन्द्र प्रकाश चौधरीः**
**श्री बंटी विवेक साहूः**
**श्री नव चरण माझीः**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2023-2025 के दौरान डेयरी अवसंरचना विकास निधि (डीआईडीएफ) के अंतर्गत राज्यवार और जिलावार कुल कितनी वित्तीय सहायता स्वीकृत और संवितरित की गई है जिसमें महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और राजस्थान में पाली लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सम्मिलित है,

(ख) क्या इस सहायता से दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्रों, शीतलन केन्द्रों और बल्क मिल्क कूलरों सहित डेयरी सहकारी अवसंरचना का आधुनिकीकरण और विस्तार हुआ है और तत्संबंधी मात्रात्मक ब्यौरा क्या है, यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है जिसमें कर्नाटक, बेंगलुरू, झारखंड राज्य और झारखंड के हजारीबाग तथा रामगढ़ जिले सम्मिलित हैं,

(ग) डीआईडीएफ से सहायता प्राप्त परियोजनाओं के माध्यम से दूध की खरीद और प्रसंस्करण क्षमता में कर्नाटक सहित राज्य-वार कितनी वृद्धि हुई है:

(घ) क्या परियोजना अनुमोदन, निष्पादन या ऋण संवितरण में किसी विलंब, कार्यान्वयन संबंधी अड़चनों या वित्तीय बाधाओं की सूचना मिली है और यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) सरकार द्वारा राजस्थान के राजसमंद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित इसकी नाथद्वारा, राजसमंद और अन्य तहसीलों में क्या कदम उठाए जा रहे हैं,

(च) लंबित परियोजनाओं में तेजी लाने और डेयरी अवसंरचना विकास को बढ़ाने के लिए राज्य-वार क्या उपाय किए गए हैं जिसमें महाराष्ट्र में जलगांव लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र भी सम्मिलित है, और

(छ) क्या सरकार का किसानों और सहकारी समितियों की सहायता करने के लिए बेंगलुरू में और उसके आस-पास शहरी और अर्ध-शहरी डेयरी अवसंरचना और शीत श्रृंखला नेटवर्क को सुदृढ़ करने के लिए डीआईडीएफ सहायता का विस्तार करने का विचार है, यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**

**(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)**

(क) डेयरी प्रसंस्करण और अवसंरचना विकास निधि (DIDF) के अंतर्गत महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान और मध्य प्रदेश राज्य सहित राज्यवार संस्वीकृत और संवितरित की गई कुल वित्तीय सहायता **अनुबंध-I** में दी गई है। DIDF योजना के अंतर्गत ओडिशा और झारखंड से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ।

(ख) और (ग) जी हां, इस सहायता से योजना के उद्देश्यों के अनुरूप डेयरी प्रसंस्करण अवसंरचना का आधुनिकीकरण और विस्तार हुआ है। दिसंबर 2025 तक DIDF के अंतर्गत संस्वीकृत परियोजनाओं का कर्नाटक सहित राज्यवार और परियोजनावार प्रगति विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(घ) बाजार से उच्च ब्याज दर पर ऋण लेने के कारण राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) के लिए DIDF योजना के दिशानिर्देशों में निर्धारित 6% प्रति वर्ष की दर पर ऋण संवितरित करना कठिन हो गया। अतः, NABARD को उच्च ब्याज दर के कारण निधियों का संवितरण रोकना पड़ा और उसने योजना के अंतर्गत ब्याज सबवेंशन घटक में संशोधन के लिए पशुपालन और डेयरी विभाग से अनुरोध किया। इस कारण ऋण संवितरण में विलंब हुआ। केंद्रीय परियोजना संचालन समिति (CPSC) द्वारा इस मामले पर विचार किया गया और तदनुसार, निधियन अवधि को संशोधित करके वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 तक किया गया तथा ऋण चुकाने की अवधि को संशोधित करके वर्ष 2030-31 तक किया गया, जिसमें अतिरिक्त भुगतान वर्ष 2031-32 की पहली तिमाही तक रखा गया है। ब्याज सबवेंशन को भी बढ़ाकर 2.5% तक कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, मैसूर, हसन, टुमकुर, तंजावुर, त्रिची और साबरकांठा के दूध संघों (रोहतक में परियोजना) और तमिलनाडु परिसंघ की परियोजनाएं निर्धारित सिविल कार्यों के कार्यान्वयन और संयंत्र तथा मशीनरी की आपूर्ति और स्थापना में प्रक्रियात्मक विलंब के कारण विलंबित हैं।

(ङ) DIDF के अंतर्गत, राजस्थान के राजसमंद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से कोई परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया है।

(च) और (छ) दिनांक 1.02.2024 से DIDF को पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (AHIDF) के अंतर्गत शामिल कर लिया गया है और महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों से DIDF के तहत कोई भी परियोजना प्रस्ताव लंबित नहीं है। AHIDF के तहत, व्यक्तिगत उद्यमी, निजी कंपनियां, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSMEs), किसान उत्पादक संगठन (FPOs), धारा 8 कंपनियां और डेयरी सहकारी समितियां योजना के परिचालन दिशानिर्देशों के अनुसार लाभ प्राप्त करने की पात्र हैं। अतः, बेंगलुरु के शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में कार्यरत डेयरी सहकारी समितियों सहित सभी डेयरी सहकारी समितियां अब AHIDF के परिचालन दिशानिर्देशों के अनुसार सहायता प्राप्त करने की पात्र हैं।

***

दिनांक 10.03.2026 के लिए नियत देय DIDF के संबंध में अतारांकित लोक सभा प्रश्न संख्या 2805 का अनुबंध

अनुबंध-I

वर्ष 2018-19 से DIDF के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं और संवितरित निधियों का लाभार्थी-वार विवरण:

| क्र.सं. | राज्य | परियोजनाओं की संख्या | दूध संघ/संगठन | (करोड़ रु. में) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कुल परियोजना लागत | स्वीकृत ऋण | वितरित ऋण |
| NDDB की परियोजना | | | | | | |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1 | संगम दूध उत्पादक कंपनी | 97.75 | **78.20** | **34.73** |
| | | | **उप-योग** | **97.75** | **78.20** | **34.73** |
| 2 | बिहार | 1 | देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि | 113.27 | **78.80** | **77.28** |
| | | | **उप-योग** | **113.27** | **78.80** | **77.28** |
| 3 | गुजरात | 5 | बनासकांठा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड | 599.83 | **479.87** | **474.20** |
| | | | साबरकांठा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड | 361.14 | **288.42** | **184.48** |
| | | | गांधीनगर जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड | 109.39 | **54.30** | **51.29** |
| | | | साबरकांठा दुग्ध संघ | 600.00 | **480.00** | **421.07** |
| | | | साबरकांठा दुग्ध संघ | 208.75 | **167.00** | **155.27** |
| | | | **उप-योग** | **1879.11** | **1469.59** | **1286.31** |
| 4 | हरियाणा | 4 | हिसार-जींद सहकारी समिति | 15.63 | **12.50** | **7.81** |
| | | | सिरसा सहकारी समिति | 7.15 | **5.72** | **2.88** |
| | | | साबरकांठा दुग्ध संघ | 23.13 | **18.50** | **17.24** |
| | | | साबरकांठा दुग्ध संघ | 374.28 | **299.42** | **232.52** |
| | | | **उप-योग** | **420.19** | **336.14** | **260.45** |
| 5 | कर्नाटक | 10 | छनरायपटना में KMF | 109.41 | **87.53** | **58.08** |
| | | | दक्षिण कन्नड़ जिला सहकारी समिति | 86.42 | **55.00** | **51.76** |
| | | | KMF रामनगर | 300.00 | **210.00** | **205.29** |
| | | | कोलार-चिक्कबल्लापुर जिला सहकारी समिति | 158.90 | **103.18** | **83.94** |
| | | | मैसूर जिला सहकारी समिति | 121.66 | **63.87** | **63.87** |
| | | | बेंगलुरु जिला सहकारी समिति | 499.73 | **200.00** | **191.39** |
| | | | चामराजनगर जिला सहकारी समितियां | 124.72 | **60.00** | **55.83** |
| | | | हसन जिला सहकारी समिति | 810.00 | **350.00** | **297.63** |
| | | | टुमकुर सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड | 154.03 | **123.22** | **55.63** |
| | | | मैसूर जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड - UHT संयंत्र | 115.03 | **92.03** | **41.98** |

| क्र.सं. | राज्य | परियोजनाओं की संख्या | दूध संघ/संगठन | (करोड़ रु. में) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कुल परियोजना लागत | स्वीकृत ऋण | वितरित ऋण |
| | | | **उप-योग** | **2479.90** | **1344.83** | **1105.39** |
| 6 | केरल | 1 | एर्नाकुलम दुग्ध संघ | 15.25 | **12.20** | **12.20** |
| | | | **उप-योग** | **15.25** | **12.20** | **12.20** |
| **7** | मध्य प्रदेश | 1 | पंचमहल जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड | 338.00 | **270.40** | **252.64** |
| | | | **उप-योग** | **338.00** | **270.40** | **252.64** |
| 8 | महाराष्ट्र | 2 | पंचमहल जिला सहकारी समिति | 319.08 | **155.26** | **131.03** |
| | | | पंचमहल जिला सहकारी समिति | 169.25 | **135.40** | **116.10** |
| | | | **उप-योग** | **488.33** | **290.66** | **247.13** |
| 9 | पंजाब | 4 | लुधियाना जिला सहकारी समिति | 104.54 | **79.88** | **73.25** |
| | | | रोपड़ जिला सहकारी समिति | 109.01 | **87.21** | **59.78** |
| | | | दोआबा जिला सहकारी समिति | 84.01 | **66.01** | **62.68** |
| | | | पटियाला जिला सहकारी समिति | 20.85 | **16.68** | **10.02** |
| | | | **उप-योग** | **318.41** | **249.77** | **205.73** |
| 10 | राजस्थान | 1 | भीलवाड़ा दुग्ध संघ | 79.33 | **59.77** | **55.35** |
| | | | **उप योग** | **79.33** | **59.77** | **55.35** |
| 11 | तेलंगाना | 3 | नोलगोंडा- रंगा रेड्डी दुग्ध संघ, तेलंगाना | 3.25 | **2.60** | **0.00** |
| | | | मुलुकनूर महिला दुग्ध संघ, तेलंगाना | 12.00 | **9.60** | **9.60** |
| | | | लालापेट में तेलंगाना राज्य डेयरी परिसंघ | 246.26 | **144.50** | **142.29** |
| | | | **उप-योग** | **261.51** | **156.70** | **151.89** |
| 12 | तमिलनाडु | 3 | TNCMPF, माधवरम | 142.19 | **113.75** | **13.20** |
| | | | तिरुचिरापल्ली जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड | 43.42 | **34.73** | **15.32** |
| | | | तंजावुर जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड | 53.55 | **42.84** | **5.14** |
| | | | **उप-योग** | **239.16** | **191.32** | **33.66** |
| | **कुल** | **36** | | **6730.21** | **4538.39** | **3722.76** |
| **NCDC परियोजनाएं** | | | | | | |
| 1 | **तमिलनाडु** | 1 | थूटुकुडी जिला सहकारी दुग्ध संघ | 46.66 | **37.33** | **24.83** |
| | **कुल योग** | **37** | | **6776.87** | **4575.72** | **3747.59** |

दिनांक 10.03.2026 के लिए नियत देय DIDF के संबंध में अतारांकित लोक सभा प्रश्न संख्या 2805 का अनुबंध

अनुबंध-II

दिसंबर 2025 तक DIDF के अंतर्गत हुई वास्तविक प्रगति:

| क्र.सं. | राज्य | कुल परियोजनाएँ | दूध संघ | दूध की खरीद (प्रति किलो ग्राम प्रति दिन) | | दूध प्रसंस्करण क्षमता (प्रति किलो ग्राम प्रति दिन) | | मूल्यवर्धित उत्पाद (प्रति किलो ग्राम प्रति दिन) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि |
| **NDDB** की परियोजना | | | | | | | | | |
| 1 | आंध्र प्रदेश | **1** | संगम दूध उत्पादक कंपनी | 5.04 | 7.65 | 4.00 | 4.00 | 2.50 | 2.50 |
| | | | **उप योग** | **5.04** | **7.65** | **4.00** | **4.00** | **2.50** | **2.50** |
| 2 | बिहार | **1** | देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसार दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. | 6.60 | 4.63 | - | - | 1.31 | 0.00 |
| | | | **उप योग** | **6.60** | **4.63** | **0.00** | **0.00** | **1.31** | **0.00** |
| 3 | गुजरात | **5** | बनासकांठा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड | 71.48 | 104.79 | 30.00 | 30.00 | 10.63 | 10.63 |
| | | | साबरकांठा दुग्ध संघ (पाउडर और डेयरी संयंत्र) | 39.62 | 43.69 | 10.00 | 10.00 | - | - |
| | | | साबरकांठा दुग्ध संघ (पनीर और मट्ठा पाउडर संयंत्र) | | | - | - | 7.37 | 0.00 |
| | | | साबरकांठा दुग्ध संघ (CFP) | | | - | - | - | - |
| | | | गांधीनगर जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड | 2.77 | 3.32 | 2.50 | 0.00 | - | - |
| | | | **उप-योग** | **113.88** | **151.80** | **42.50** | **40.00** | **18.00** | **10.63** |
| 4 | हरियाणा | **4** | हिसार-जींद सहकारी समिति | 1.54 | 2.51 | - | - | - | - |
| | | | साबरकांठा दुग्ध संघ (ETP) | - | - | - | - | - | - |
| | | | साबरकांठा दुग्ध संघ (दुग्ध संयंत्र विस्तार) | | | 6.00 | 0.00 | - | - |
| | | | सिरसा सहकारी समिति | 1.10 | 1.12 | - | - | - | - |
| | | | **उप-योग** | **2.64** | **3.63** | **6.00** | **0.00** | **0.00** | **0.00** |
| 5 | कर्नाटक | **10** | छनरायपटना में KMF | - | - | 3.00 | 3.00 | - | - |

| क्र.सं. | राज्य | कुल परियोजनाएँ | दूध संघ | दूध की खरीद (प्रति किलो ग्राम प्रति दिन) | | दूध प्रसंस्करण क्षमता (प्रति किलो ग्राम प्रति दिन) | | मूल्यवर्धित उत्पाद (प्रति किलो ग्राम प्रति दिन) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि |
| | | | दक्षिण कन्नड़ जिला सहकारी समिति | 4.69 | 4.34 | 2.50 | 2.50 | 0.54 | 0.54 |
| | | | KMF रामनगर | - | - | 12.00 | 12.00 | 0.00 | 0.00 |
| | | | कोलार-चिक्कबल्लापुर जिला सहकारी समिति | 10.86 | 11.96 | 5.00 | 5.00 | - | - |
| | | | मैसूर जिला सहकारी समिति | - | - | 6.00 | 6.00 | - | - |
| | | | बेंगलुरु जिला सहकारी समिति | 16.89 | 17.04 | 6.00 | 6.00 | 3.18 | 3.18 |
| | | | चामराजनगर जिला सहकारी समितियां | 2.98 | 2.82 | 3.00 | 3.00 | 2.00 | 2.00 |
| | | | हसन जिला सहकारी समिति | 14.75 | 13.59 | 12.00 | 0.00 | 2.48 | 0.00 |
| | | | टुमकुर सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ | 10.02 | 10.45 | 10.00 | 0.00 | 7.65 | 0.00 |
| | | | मैसूर जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड - UHT संयंत्र | 7.14 | 9.22 | 1.50 | 0.00 | 1.50 | 0.00 |
| | | | **उप-योग** | **67.32** | **69.42** | **61.00** | **37.50** | **17.35** | **5.72** |
| 6 | केरल | **1** | एर्नाकुलम दुग्ध संघ | 3.70 | 2.85 | - | - | 0.04 | 0.00 |
| | | | **उप-योग** | **3.70** | **2.85** | **0** | **0** | **0.04** | **0** |
| 7 | मध्य प्रदेश | **1** | पंचमहल जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड | - | - | 3.00 | 0.00 | 1.46 | 0 |
| | | | **उप-योग** | - | - | **3.00** | **0.00** | **1.46** | **0.00** |
| 8 | महाराष्ट्र | **2** | पंचमहल जिला सहकारी समिति | 35.09 | 27.91 | 7.50 | 7.50 | 1.04 | 1.04 |
| | | | पंचमहल जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड (संयंत्र प्रभारी) | | | - | - | 2.92 | 0.00 |
| | | | **उप-योग** | **35.09** | **27.91** | **7.50** | **7.50** | **3.96** | **1.04** |
| 9 | पंजाब | **4** | लुधियाना जिला सहकारी समिति | 4.40 | 4.75 | 5.00 | 5.00 | 0.03 | 0.03 |
| | | | रोपड़ जिला सहकारी समिति | 6.62 | 7.27 | 3.70 | 3.70 | 3.70 | 3.70 |

| क्र.सं. | राज्य | कुल परियोजनाएँ | दूध संघ | दूध की खरीद (प्रति किलो ग्राम प्रति दिन) | | दूध प्रसंस्करण क्षमता (प्रति किलो ग्राम प्रति दिन) | | मूल्यवर्धित उत्पाद (प्रति किलो ग्राम प्रति दिन) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि |
| | | | दोआबा जिला सहकारी समिति | 2.64 | 2.22 | 1.25 | 1.25 | 1.25 | 1.25 |
| | | | पटियाला जिला सहकारी समिति | 1.50 | 1.63 | - | - | - | - |
| | | | **उप-योग** | **15.16** | **15.88** | **9.95** | **9.95** | **4.98** | **4.98** |
| 10 | राजस्थान | **1** | भीलावाड़ा दुग्ध संघ | 3.90 | 3.29 | 5.00 | 5.00 | - | - |
| | | | **उप-योग** | **3.90** | **3.29** | **5.00** | **5.00** | **0.00** | **0.00** |
| 11 | तेलंगाना | **3** | नालगोंडा दुग्ध संघ | 1.28 | 0.00 | - | - | 0.22 | 0.00 |
| | | | मुल्कनूर दुग्ध संघ | 0.87 | 0.73 | 0.50 | 0.00 | 0.26 | 0.00 |
| | | | तेलंगाना राज्य डेयरी परिसंघ | 3.72 | 0.00 | 5.00 | 0.00 | 1.15 | 0.00 |
| | | | **उप-योग** | **5.87** | **0.73** | **5.50** | **0.00** | **1.63** | **0.00** |
| 12 | तमिलनाडु | **3** | TNCMPF, माधवरम | - | - | 10 | - | - | - |
| | | | तिरुचिरापल्ली जिला | 5.85 | 5.17 | 0.00 | - | - | - |
| | | | तंजावुर जिला | 0.98 | 0.78 | 1 | - | - | - |
| | | | **उप-योग** | **6.82** | **5.95** | **11.00** | - | - | - |
| **कुल** | | **36** | | **266.02** | **293.75** | **155.45** | **103.95** | **51.22** | **24.87** |
| **NCDC की परियोजनाएं** | | | | | | | | | |
| | **तमिलनाडु** | **1** | थूटुकुडी जिला सहकारी दुग्ध संघ | - | - | 0.50 | 0 | - | - |
| | | | **उप-योग** | **0.00** | **0.00** | **0.50** | **0.00** | **0.00** | **0.00** |
| **कुल योग** | | **37** | | **266.02** | **293.75** | **155.95** | **103.95** | **51.22** | **24.87** |

**दिनांक 10.03.2026 के लिए नियत देय DIDF के संबंध में अतारांकित लोक सभा प्रश्न संख्या 2805 का अनुबंध**

**अनुबंध-II (जारी)**

| राज्य | दुग्ध संघ | BMC (संख्या) | | BMC क्षमता (LLPD) | | सुखाने की क्षमता (MTPD) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | EOP | उपलब्धि | EOP | उपलब्धि | EOP | उपलब्धि |
| गुजरात | साबरकांठा दुग्ध संघ (पाउडर और डेयरी संयंत्र) | - | - | - | - | 100 | 100 |
| | **उप–योग** | - | - | - | - | **100** | **100** |
| हरियाणा | सिरसा सहकारी समिति | - | - | - | - | 5.00 | 0.00 |
| | **उप–योग** | - | - | - | - | **5.00** | **0.00** |
| कर्नाटक | छानारायपटना में केएमएफ | - | - | - | - | 30 | 30 |
| | केएमएफ रमनगर | - | - | - | - | 100 | 100 |
| | कोलार-चिक्काबल्लापुर जिला सहकारी समिति | 118 | 113 | 3.54 | 3.40 | - | - |
| | बेंगलुरु जिला सहकारी समिति | - | - | - | - | 35 | 35 |
| | हसन जिला सहकारी समिति | - | - | - | - | 60 | 0.00 |
| | **उप–योग** | **118** | **113** | **3.54** | **3.40** | **225** | **165** |
| | **कुल** | **118** | **113** | **3.54** | **3.40** | **330.00** | **265.00** |